RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 89 | FRIDAY 10-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



पिया करेंगे चौगुनी, आप बना लें रूल।
इससे कर हम चौगुना, सकते और वसूल।
सकते और वसूल, बढ़ेगी और कमाई।
सबसे अच्छे लोग, पियक्कड़ अपने भाई।
कह साहिल कविराय, खजाना खूब भरेंगे।
आप बना लें रूल, चौगुनी पिया करेंगे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल






Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# आज होगा फार्च्यून पोमेरा फेस्ट का आगाज, आरती स्टील चेयरमैन मित्तल करेगें शुभारम्भ




लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। लुधियाना में यूटर्न टाइम अखबार और जनहितैषी न्यूज चैनल की और से ज्वाइंट वैचर के साथ पनोरा प्रॉपर्टी फेस्ट ऑर्गनाइज किया जा रहा है। इस फेस्ट को लेकर रियल एस्टेट सेक्टर में भारी खुशी देखने को मिल रही है। आज यानि कि 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को इस फेस्ट का आगाज होने जा रहा है। आरती स्टील ग्रुप के चेयरमैन महेश मित्तल इस शो की ओपनिंग करेगें।

वहीं इसी के साथ साथ शाम को टॉक शो आयोजित किया जाएगा। जिसमें डीसी लुधियाना हिमांशु जैन, एडिशनल चीफ एडमिनिस्ट्रेटर ओजवी, क्रेडई चेयरमैन मोहिंद्र गोयल, ईमार इंडिया के रीजनल सेल्स हेड गौरव दत्ता, वेस्टर लिविंग के एमडी हिमांशु कवात्रा, सॉलिटियर होम्स के डायरेक्टर जशनप्रीत चावला और यूईडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर विवेक महाजन मुख्य रुप से शामिल होंगे। वहीं यह फेस्ट ऑर्गेनाइज्ड पंजाब रियल एस्टेट का सबसे बड़ा शो बनकर उभरा है। इसमें लुधियाना के अलावा चंडीगढ़, गोवा, दुबई की कंपनियां स्टॉल लगाएंगी।

जिनकी और से अपने स्टॉलों पर प्रोजेक्ट में निवेश के लिए निवेशकों को खास कीमतों पर स्पेशल ऑफर देगें। इसमें 50 से ज्यादा डेवलपर्स और 500 से ज्यादा चैनल पार्टनर्स की मदद से एक माइलस्टोन बनेगा। यह फेस्ट शो लगने से पहले पूरे देश के रियल एस्टेट सेक्टर में चर्चा बन चुका है। जिसमें मेजर ब्रांड्स में ट्राईडेंट हिल्स, यूजन गोवा, एआईपीएल, जे.एल.ओ, हैम्पटन होम्स, वेस्टर्न लिविंग, एमडीबी ग्रुप, ओम्बेरा, एजीआई ग्रुप, सीएम इनफिनिया, टीआरबी, ईस्टमैन, अयाली ग्रुप, सॉलिटियर होम्स सहित कई और नामी ग्रुप की तरफ से स्टॉल बुक करवाए गए हैं। यह फेस्ट होटल निरवाना में 10 व 11 अप्रैल को होगा, जो कि सुबह 10 बजे से रात के 8 बजे तक चलेगा। यहां विजिटर्स को एक ही छत के नीचे भारी मात्रा में वैरॉयटी व ऑफर मिलेगें, जो अपने भविषय के लिए अच्छा फैसला ले सकेगें। दरअसल, रियल एस्टेट सेक्टर को अकेले प्रॉपर्टी ही नहीं बल्कि भविषय भी माना जाता है। इसी के चलते यूटर्न अखबार और जनहितैषी न्यूज जैनल द्वारा यह सोचा गया कि निवेशकों को एक ही जगह ज्यादा चीजें मिल सकें और अपने निवेश को सही दिशा में लगा सकें। इस एग्जीबिशन में जो बुकिंग करवाएंगे, उन्हें कंपनियों द्वारा कंफर्म बुकिंग पर विदेशी टूर समेत कई और ऑफर दिए जाएंगे। वहीं विजिटर्स के लिए हर दो घंटे बाद लक्की ड्रॉ निकाले जाएंगे। जिसमें आकर्षित इनाम होंगे।

## यूसीपीएमए ने ऋषि पाहवा को एआईसीएमए का अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। यूनाइटेड साइकिल एंड पार्ट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (यूसीपीएमए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने अवतार सिंह भोगल (कन्वीनर, यूसीपीएमए) की अगुवाई में इंदरजीत सिंह नवयुग (उपाध्यक्ष, यूसीपीएमए), सतनाम सिंह मक्कड़ (प्रधान, ढंडारी इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन एवं वित्त सचिव, यूसीपीएमए), राजिंदर सिंह सरहाली (सचिव, यूसीपीएमए), सुरिंदर पाल सिंह मक्कड़ (संयुक्त सचिव, यूसीपीएमए) और मनोज दुआ (प्रचार सचिव, यूसीपीएमए) के साथ मिलकर एवन साइकिल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ऋषि पाहवा को वर्ष 2026-28 की अवधि के लिए दूसरे कार्यकाल हेतु ऑल इंडिया साइकिल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईसीएमए) का अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने संयुक्त बयान में कहा कि ऋषि पाहवा को साइकिल उद्योग का व्यापक अनुभव और गहरी समझ है, जो इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने और इसकी चुनौतियों का सामना करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में ऑल इंडिया साइकिल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन निरंतर प्रगति करेगी और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। इस अवसर पर चेयरमैन, एवन साइकिल्स लिमिटेड पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा और कार्यकारी निदेशक, एवन साइकिल्स मनदीप पाहवा भी उपस्थित रहे।

## श्री सिद्ध पीठ सेवा परिवार की ओर से मां चिंतपूर्णी दरबार में भव्य चौंकी का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। श्री सिद्धपीठ सेवा परिवार, लुधियाना द्वारा मां भगवती की भव्य चौकी का आयोजन पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में लाला जगत नारायण धर्मशाला, मां चिंतपूर्णी दरबार में बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर महामाई का आकर्षक एवं दिव्य दरबार सजाया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। दरबार से विधि-विधान के साथ महामाई की पावन ज्योत प्रज्वलित की गई।

# 590 करोड़ के आईडीएफसी फस्ट-एयू स्माल फाइनेंस बैंक घोटाले में 2 आईएएस सस्पेंड, सीबीआई जांच अपने हाथ में लेगी




AU SMALL FINANCE BANK

चंडीगढ़/यूटर्न/9 अप्रैल। हरियाणा सरकार ने 590 करोड़ के आईडीएफसी फस्ट और एयू स्माल फाइनेंस बैंक घोटाले के मामले में दो आईएएस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त सीआईओ, राम कुमार सिंह, आईएएस (एचवाई:2012) को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। एक अलग आदेश में, राज्य परिवहन के निदेशक और परिवहन विभाग के विशेष सचिव, प्रदीप कुमार-1, आईएएस (एचवाई:2011) को भी सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंशन के दौरान, दोनों अधिकारियों का मुख्यालय चंडीगढ़ में हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव (सेवाएं-कशाखा) के कार्यालय में होगा। सीबीआई 590 करोड़ के आईडीएफसी फस्ट बैंक घोटाले की जांच अपने हाथ में लेगी। एक संबंधित घटनाक्रम में, सीबीआई चंडीगढ़ में आईडीएफसी फस्ट बैंक में रखे हरियाणा सरकार के खातों से 590 करोड़ के गबन के मामले की जांच अपने हाथ में लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले महीने जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का फैसला किया था।

### कई लोग हो चुके गिरफ्तार

आईडीएफसी फस्ट बैंक के अनुसार, कथित 590 करोड़ का घोटाला उसके कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा हरियाणा सरकार के खातों में किया गया था, जो इस निजी क्षेत्र के बैंक में रखे गए थे। एसवाई और एसीबी ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो आईडीएफसी फस्ट बैंक के पूर्व कर्मचारी हैं और बाकी निजी व्यक्ति हैं जिनकी एक पार्टनरशिप फर्म है। पुलिस और ईडी के आरोपों के अनुसार, हरियाणा सरकार के फंड को राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा बैंक में एफडी के रूप में जमा किया जाना था, लेकिन सूत्रों ने बताया कि कथित तौर पर आरोपियों ने इसे अपने निजी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल कर लिया।

### शेल कंपनियों में लगाया गया पैसा

सूत्रों ने बताया कि शुरूआती जांच से पता चलता है कि भारी मात्रा में फंड विभिन्न शेल (डमी) कंपनियों और छोटी ज्वेलरी संस्थाओं को ट्रांसफर किया गया और अंतत: सोने की खरीद और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश की आड़ में गबन कर लिया गया।उन्होंने कहा कि इस मनी ट्रेल में नकद निकासी की काफी मात्रा भी देखी गई है। चंडीगढ़ के एक होटल व्यवसायी की भूमिका भी जांच के दायरे में है, जो ट्राईसिटी (चंडीगढ़-मोहाली-पंचकूला) में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स के निर्माण में शामिल है।

### बकाया राशि वसूल की उम्मीद

आईडीएफसी फस्ट बैंक ने कहा था कि उसने हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों को मूलधन और ब्याज का 100 प्रतिशत भुगतान कर दिया है, जो कुल मिलाकर 583 करोड़ रुपये बनता है। आईडीएफसी फस्ट बैंक ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा, बैंक इस धोखाधड़ी के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, और हमें अपनी बकाया राशि की वसूली की उम्मीद है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## ...लुधियाना में चाइनीज कारोबारी विलियम का स्वागत, पनोरा प्रॉपर्टी फेस्ट में लेंगे भाग

लुधियाना/यूटर्न/09 अप्रैल। चीन से आए कारोबारी विलियम, जो ढरऊचैन यार्न उद्योग से जुड़े हैं, का शहर पहुंचने पर गोल्ड स्टोन के भूपेश जैन ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पनोरा प्रॉपर्टी फेस्ट के आयोजक संजय शर्मा सहित पूरी टीम ने उन्हें फूलों से सम्मानित किया। भारत और चीन के बीच लगातार बढ़ रही व्यापारिक सुविधाओं के चलते अब चीनी कारोबारी पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर अन्य सेक्टरों में भी निवेश के अवसर तलाश रहे हैं। टेक्सटाइल के साथ-साथ रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में उनकी बढ़ती रुचि को इसी कड़ी में देखा जा रहा है।

VOL: 11 | ISSUE 89 | FRIDAY 10-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# होटलों का मामला दबाने में जुटा निगम-फायर विभाग, उच्च अधिकारी निचले सत्र के अफसरों पर एक्शन न लेकर दे रहे भ्रष्टाचार को बढ़ावा?

## भदौड़ हाउस व घंटा घर अवैध होटल चलने का मामला

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। भदौड़ हाउस भगौड़ हाउस में चार आलीशान होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज बने हैं। वहीं, घंटा घर स्थित शू मार्केट के नजदीक गली में होटल नीलकंठ बना है। पांचों होटल पूरी तरह से इललीगल होने के बावजूद हाईकोर्ट के आदेशों पर निगम जोन-ए की बिल्डिंग ब्रांच ने इनके कुछ कमरे सील कर खानापूर्ति कर दी। वहीं फायर विभाग के पूर्व एडीएफओ सवरन चंद और मौजूदा एफएचओ करतार सिंह ने तो होटल नीलकंठ को इललीगल तरीके से एनओसी तक जारी कर दी थी। इस मामले में बेशक निचले सत्र के अधिकारियों द्वारा सरेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में उच्च अधिकारियों की भी नालायकी सामने आई है। भ्रष्टाचार होते देखकर भी उनकी तरफ से अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सख्त एक्शन न लेना कहीं न कहीं बड़े सवाल खड़े कर रहा है। जिसके चलते शहर में चर्चा है कि क्या निगम व फायर विभाग के उच्च अधिकारियों की इन्हें शह है या वह अपनी ड्यूटी सही से नहीं कर पा रहे। अब यह तो आने वाला समय ही बताएगा। वहीं अब देखना होगा कि इस मामले में निगम उच्च अधिकारी और बिल्डिंग ब्रांच इंचार्ज अधिकारियों और फायर विभाग के एडीएफओ जसविंदर सिंह द्वारा कोई एक्शन लिया जाता है या यूंही भ्रष्टाचार बढ़ता रहेगा।

### बिना एनओसी चल रहा नीलकंठ होटल, अफसरों के बचाव का प्रयास

निगम द्वारा हेरफेर के बाद दूसरा बड़ा हेरफेर फायर विभाग ने किया है। दरअसल, फायर एफएसओ करतार सिंह ने 24 नवंबर 2022 को होटल नीलकंठ की इंस्पेक्शन की। करतार सिंह ने एनओसी न देने का लिखने की जगह होटल सेफ्टी प्रबंधों को सही बताया। पूर्व एडीएफओ सवरन चंद और मौजूदा एफएचओ करतार सिंह ने अवैध तरीके से फायर एनओसी भी जारी कर डाली। विवाद हुआ तो अफसरों ने बचाव करने को एनओसी कैंसिल की। अब होटल नीलकंठ बिना एनओसी चल रहा है। दोनों अफसरों खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू हुई। सवरन चंद रिटायर्ड हुए और करतार सिंह अभी भी नौकरी कर रहे हैं। पूर्व एडीएफओ मनिंदर सिंह और मौजूद एडीएफओ जसविंदर सिंह ने कोई एक्शन नहीं लिया। यहां तक कि एडीएफओ जसविंदर सिंह द्वारा तो होटल व अधिकारी करतार सिंह पर एक्शन लेने की जगह मामला 2024-25 का होने और शायद तब कार्रवाई होने की बात कहकर टाल दिया। उन्होंने मामले पर ध्यान देने की जरुरत ही नहीं समझी। जिसे देख लगता है कि अधिकारी खुद भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।



होटल नीलकंठ


होटल विक्रांत



होटल ग्रेटवॉल



होटल महाराजा

### इंटेलीजेंट अधिकारियों की जरुरत ?

होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज एससीएफ की जगह पर बने हैं। वहीं, नियमों के मुताबिक होटल नीलकंठ बन ही नहीं सकता था। लेकिन फिर भी निगम अफसरों ने आखिर किस नियमों के तहत पूरी बिल्डिंग सील करने की जगह कुछ कमरे ही नॉनकंपाउंडेबल बता उन्हें सील कर दिया। जबकि इनके दस्तावेज पूरी तरह चैक करने पर भी असलियत पता चल सकती थी। लेकिन अफसरों ने बिना दस्तावेज देखें आंखें बंद कर कार्रवाई कर डाली। जिससे शहर में चर्चा है कि निगम और फायर विभाग में इंटेलीजेंट अफसरों की जरुरत है।



होटल सरताज




### पुरानी कोतवाली की तरह भदौड़ हाउस में दोहरा चेहरा आया सामने

पुरानी कोतवाली एरिया में आमने सामने दो अवैध इमारतें होने के बावजूद निगम ने एक सील की और दूसरी को सेटिंग कर छोड़ दिया। इसी तरह भदौड़ हाउस में पांच मंजिलां एक इमारत सील कर दी, लेकिन उसके एकदम सामने मौजूद होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज भी पूरी तरह इललीगल होने के बावजूद उन पर एक्शन नहीं लिया। चर्चा है कि इन होटल मालिकों की भी अधिकारियों के साथ अच्छी बातचीत है। जिसके चलते वह इन पर एक्शन लेने से गुरेज करते हैं। दोनों मामलों से एक बात चर्चा अनुसार क्लियर है कि शहर में सेटिंग करो और इमारत बचाओं वाला खेल चल रहा है। मामले संबंधी निगम और फायर विभाग अफसरों से संपर्क की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

### होटल नीलकंठ ऐसे है इललीगल

शू मार्केट के पास गली में मौजूद होटल नीलकंठ 10 फीट की सड़क पर बना है। होटल में हाउस लेन नहीं छोड़ी गई। दो मंजिल कमर्शियल पास होने के नियम के बावजूद चार से पांच मंजिल तक इमारत खड़ी कर डाली। वहीं बेसमेंट भी बना दी। वहीं नियमों के मुताबिक उक्त बिल्डिंग का न तो नक्शा पास हो सकता है और न किसी और तरीके की परमिशनें मिल सकती है। लेकिन निगम अधिकारियों के मुताबिक बिल्डिंग का कुछ हिस्सा ही इललीगल है। यानि कि उक्त होटल को निगम से परमिशनें मिली है। अब यह बड़े सवाल खड़े होते हैं कि इललीगल इमारत होने के बावजूद आखिर परमिशनें कैसे दें दी गई।

# विसाखी से पहले गुरु घरों में गैस सिलेंडर की कमी, अकाली नेताओं ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

लुधियाना/यूटर्न/09 अप्रैल। विसाखी पर्व से पहले गुरु घरों में गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर अकाली नेताओं ने जिला प्रशासन के समक्ष गंभीर चिंता जताई है। अकाली जत्था शहरी के प्रधान भुपिंदर सिंह भिंदा और हलका आत्म नगर के इंचार्ज जगबीर सिंह सोखी ने इस संबंध में डीसी को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि यह मुद्दा सिर्फ आपूर्ति का नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है।



उन्होंने कहा कि विसाखी सिख समुदाय के लिए अत्यंत पवित्र पर्व है, जिस दिन बड़ी संख्या में संगत गुरु घरों में पहुंचती है और लंगर सेवा का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाता है। ऐसे में गैस सिलेंडरों की कमी लंगर व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गुरु घरों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि लंगर सेवा बिना किसी रुकावट के जारी रह सके।

नेताओं ने कहा कि लंगर सेवा समानता, सेवा और भाईचारे का प्रतीक है, जहां हर वर्ग के लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। इस सेवा में किसी प्रकार की बाधा धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकती है। मांग पत्र स्वीकार करते हुए प्रशासनिक अधिकारी पायल गोयल ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर जल्द समाधान किया जाएगा, ताकि विसाखी के अवसर पर किसी प्रकार की कमी न रहे।

# नोबल फाउंडेशन के स्कूलों का शानदार रिजल्ट, सभी 188 विद्यार्थी पास



Manshi



Kaushal Kumar



Rupa



Rajveer



Natik



Disha

लुधियाना/यूटर्न/09 अप्रैल। नोबल फाउंडेशन संस्था द्वारा मां शारदा विद्यापीठ के नाम से संचालित स्कूलों ने सेशन 2025-26 की पांचवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था की 14 ब्रांचों के 188 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी छात्र अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।

कुल 52 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 15 छात्रों ने 95% से ऊपर अंक लेकर टॉपर सूची में स्थान बनाया। दौलत कॉलोनी के मानसी और



Priya



Madhu

कौशल कुमार ने 493 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीआरएस नगर के नैतिक ने 492 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। मुंडिया कलां की दिशा व प्रिया तथा टिब्बा रोड की मधु ने 487 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था की अध्यापिकाओं को दिया। चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने कहा कि दानदाताओं के सहयोग से ही संस्था जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दे पा रही है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी इसी तरह बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए कार्य करती रहेगी।

# पड़ोसियों से तंग आकर दंपति ने वीडियो बना दी सुसाइड की धमकी, पुलिस पर भी सुनवाई न करने आरोप

लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। ग्यासपुरा में एक दंपति ने पड़ोसियों द्वारा परेशान करने और पुलिस द्वारा भी सुनवाई न करने पर वीडियो बनाकर सुसाइड करने की धमकी दी है। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पड़ोसी उसे लगातार परेशान कर रहा है। उसने इज्जत पर भी हाथ डाला। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी सास और जेठानी के कहने पर उसके साथ यह सब किया जा रहा है। पुलिस भी उनकी नहीं सुन रही। उसने कहा कि अगर जल्दी कुछ नहीं किया गया, तो वे आत्महत्या कर लेंगे। वीडियो की जानकारी मिलते



ही परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दंपति की शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। महिला ने आरोप लगाया कि 2 दिन से हमें मार रहे हैं। पीट रहे हैं। हमारे घरवालों से मिलकर, हमारी बात ही नहीं सुनते। हमें टॉर्चर करते हैं। साथ में लड़ते हैं। परसों मारा। कल भी मारा। मेरे बाल नोंच-नोंच कर ऐसे कर दिए। हमारी मदद करो। हम दोनों मियां-बीवी सुसाइड करने जा रहे हैं। हमारी मदद करो। हमें इंसाफ दिलाओ। मेरी इज्जत पर हाथ डाला। मुझे बचा लो। नहीं तो हम सुसाइड करने जा रहे हैं। एएसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फोर्टिस अस्पताल की बढी मुशकिले,4 डाक्टरो के विरूद मामला दर्ज

सहगल

अमृतसर /जालंधर यू टर्न 9 अप्रैल। विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी



बॉडी बिल्डर वरिंदर घुम्मन की मौत मामले में नया मोड़ सामने आया है। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप और एस आई टी की जांच के बाद फॉर्टिस हॉस्पिटल के चार डॉक्टरों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है उल्लेखनीय है कि जालंधर के रहने वाले वीरेंद्र कुमार के अमृतसर के फोर्टिस हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी

## अस्पताल के 4 डॉक्टरों के खिलाफ केस

इस मामले में अमृतसर पुलिस ने फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल के 4 डॉक्टरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) के तहत लापरवाही के आरोप में FIR दर्ज की है। FIR में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. तपिश शुक्ला, कंसल्टेंट एनेस्थीसिया डॉ. अलका तिवारी, एनेस्थीसिया विभाग की हेड डॉ. राजेंद्र कौर और कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. अरुण कुमार चोपड़ा के नाम शामिल हैं।

## सर्जरी के दौरान मौत हुई थी मौत

यह मामला 9 अक्टूबर 2025 का है, जब अमृतसर में माईनर सर्जरी के दौरान वरिंदर घुम्मन की मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए थे। परिवार का कहना था कि ऑपरेशन के बाद शव की स्थिति संदिग्ध थी और शरीर का रंग सिर से कंधे तक काला-नीला पड़ गया था।

## SIT रिपोर्ट में डॉक्टरों की लापरवाही का आरोप

मामले की जांच के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक SIT गठित की गई थी। बीते महीने SIT ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया कि ऑपरेशन के दौरान प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया और डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मौत हुई। इस पूरे घटनाक्रम के बीच आज फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि उन्हें FIR दर्ज होने की जानकारी मिली है और वह जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।

# पुराने दोस्त मिलनी कार्यक्रम आयोजित, कई नेता हुए शामिल



लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। जिला यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डिंपल राणा के नेतृत्व में 20 वर्ष पुराने दोस्तों ने वीरवार को नाश्ते के टेबल पर पुरानी यादों का सांझा कर रिश्तों की डोर को मजबूत किया। शिवपुरी चौंक स्थित डिंपल राणा के कार्यलय में आयोजित पुराने दोस्त मिलनी कार्यक्रम में पूर्व कैबिनट मंत्री भारत भूषण आशु विशेष तौर पर शामिल हुए। इस दौरान बेशकीमती पलों को सांझा किया गया। भारत भूषण आशु ने डिंपल राणा के प्रयासों से वर्षो पुराने मित्रों के साथ हुई मुलाकात को जीवन का अद्भुत अनुभव बताया। इस अवसर पर इकबाल सिंह सोनू डीको, अरुण शर्मा, राजू अरोड़ा, गुरप्रीत दुगरी, योगेश हांडा, साबी तूर, मीनू मल्होत्रा , स्वर्ण जस्सा, कुलदीप शर्मा, तजिन्द्र चहल, संत सिंह राणा, कश्मीर सिंह पटियाल, अनिल ठाकुर, राकेश मिन्हास, अमित डोगरा,सोनी राणा, समीर शर्मा, हरीश दुआ, मिंटू राणा, संजीव कतना,लव्ली राजपूत, नरेश राणा, आशू राणा, नीटी बजाज, विक्की गाबा, जे.पी ग्रेवाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India





पेज 12 असम में लगभग 85% वोटिंग हुई, केरल में 75%...


# चंडीगढ़ निगम हाउस मीटिंग में पार्षद प्रेमलता की पहल सफल–मोबाइल टॉयलेट और वेंडर्स के लिए आसान कनेक्शन व्यवस्था को मिली मंजूरी

पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/09 अप्रैल। चंडीगढ़ नगर निगम की हाउस मीटिंग में वार्ड नंबर 23 से कांग्रेस पार्षद श्रीमती प्रेमलता द्वारा उठाए गए दो अहम मुद्दों पर सदन ने सर्वसम्मति से मुहर लगा दी। ये दोनों प्रस्ताव सीधे तौर पर आम नागरिकों, खासकर महिलाओं और छोटे व्यापारियों से जुड़े हुए हैं, जिससे इन्हें काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मीटिंग के दौरान पार्षद प्रेमलता ने शहर के विभिन्न सेक्टरों में लगने वाली अस्थायी मंडियों की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन मंडियों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक होती है। इसके बावजूद वहां शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि इन मंडियों में टेम्परेरी मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिल सके। इस प्रस्ताव को सदन ने गंभीरता से लेते हुए सर्वसम्मति से पास कर दिया। इसके अलावा, पार्षद प्रेमलता ने छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी वालों और वेंडर्स को अस्थायी पानी एवं सीवरेज कनेक्शन लेने में आने वाली जटिलताओं का मुद्दा भी उठाया।



# ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने संजय टंडन को सौंपा कॉन्फ्रेंस का न्योता, कर्मचारियों की समस्याएं उठाईं

पुनीत महाजन,

चंडीगढ़/यूटर्न/09 अप्रैल। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एवं एम.सी. एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज चेयरमैन सुरमुख सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा आयोजित आगामी कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा।

बैठक के दौरान कर्मचारियों से जुड़ी कई अहम समस्याएं और मांगें भी उठाई गईं। इनमें वर्ष 1996 के बाद नियुक्त डेली वेज कर्मचारियों को नियमित करने, नगर निगम के ट्यूबवेल ऑपरेटरों के लिए रिलीवर की व्यवस्था, हॉर्टिकल्चर विभाग में हेड माली के खाली पदों को भरने और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए सुरक्षित नीति बनाने की मांग शामिल रही। इसके साथ ही हर माह की 7 तारीख तक वेतन सुनिश्चित करने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा विभाग में कार्यरत चौकीदारों के लिए 8 घंटे की ड्यूटी तय करने और डेली वेज कर्मचारियों पर छठे एवं सातवें वेतन आयोग लागू करने की मांग भी रखी। संजय टंडन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सभी मांगों को लिखित रूप में प्रस्तुत किया जाए, ताकि प्रशासन के साथ जल्द बैठक कर इनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। इस अवसर पर चेयरमैन सुरमुख सिंह सहित ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



# वीआईपी के नाम पर होती है स्कूलों में सीटे बुक

## मामला शिक्षा के मंदिरों से बिजनेस सेंटर बने स्कूलों का

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। हाल ही में यूटर्न टाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित समाचार 'पब्लिशर से कमिशन ही तय करती है क्या होगा बच्चों का सिलेबस शिक्षा के मंदिर नहीं बिजनेस सेंटर बन गए निजी स्कूल' के बाद लोगों की काफी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं इसी बीच न्यू चंडीगढ़ में एक निजी स्कूल का मामला चर्चा में आ गया जिसमें एक महिला सब इंस्पेक्टर ने एक निजी स्कूलों में अपने बच्चों का सेक्शन चेंज करने के लिए अनुरोध किया जवाब में उसे प्रिंसिपल ऑफिस से धक्के मार के बाहर निकाल दिया यह विवाद आज चर्चा के विषय रहा पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है लोगों का कहना है कि यह संस्कार स्कूलों में खास तौर पर निजी स्कूलों में ऐसे नहीं आए बल्कि इसमें प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की शहर के अलावा नेताओं का संरक्षण भी होता है नहीं तो स्कूल बिजनेस में जुटे हुए लोग ऐसा नहीं करते क्योंकि व्यापार में ऐसा नहीं होता




**अधिकारियों व नेताओं के नाम पर होती है सीट बुक...** अधिकतर निजी व पब्लिक स्कूलों में एडमिशन के समय अधिकारियों के नाम पर उन्हें ऑब्लाइफ करने के लिए सिम बुक रखी जाती हैं और उनकी सिफारिश पर बच्चों को भर्ती किया जाता है यह अलग बात है कि डोनेशन उनसे भी कम ही छोड़ी जाती है जब तक की अधिकारी स्वयं हस्तक्षेप ना करें अधिकारियों के अलावा पुलिस के उच्च अधिकारी तथा शहर के गण मान्य नेताओ के नाम पर सीटे आरक्षित होती है इसी तरह पब्लिक व कॉन्वेंट स्कूलों में उपरोक्त के अलावा चर्च से संबंधित पादरियों आदि की सिफारिशे एडमिशन में चलती रहती हैं इसके बाद रहेंगे इसके बाद रह गए बच्चों के अभिभावकों से सारी कसर व घाटा पूरा कर लिया जाता है इस धंधे के बारे में पहले लेख में काफी कुछ प्रकाशित हो चुका है जब अभिभावक प्रशासन के पास जाते हैं तो उनकी सुनवाई नहीं होती इन्हीं कारणो से स्कूलों के बाहर लोगों को धरने प्रदर्शन दिखाई देते हैं ।

**कैसे सुधरेगा शिक्षक का मॉडल...** लोगों का कहना है कि अगर यही हालात बने रहेंगे तो शिक्षक का मॉडल कैसे सुधरेगा अविभावक तो अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना चाहते हैं परंतु शिक्षक का दृष्टिकोण स्कूलों के दिशा निर्देशों पर आधारित होता है जो कमीशन और व्यापार में लाभ के आधार पर तय किया जाता है स्कूलों ने अविभावकों की एक कमजोरी तो पकड़ ही ली है कि उनका बच्चा अंग्रेजी अच्छी बोलने लगे तो वह समझते हैं कि बच्चा पढ़ लिख गया ।

# पुलिस ने रामगढ़ क्षेत्र में बिना ई-रवाना बिल खनन सामग्री भरा टिप्पर पकड़ा

पंचकूला/यूटर्न/09 अप्रैल। पंचकूला के रामगढ़ क्षेत्र में आज पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान खनन सामग्री से लदे एक टिप्पर को बिना ई-रवाना बिल के पकड़ने मे सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, आज रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में मुस्तैदी से नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान गांव रत्तेवाली के नजदीक एक संदिग्ध टिप्पर को रुकने का इशारा किया गया। जब पुलिस टीम ने वाहन की जांच की और चालक से ई-रवाना बिल माँगा, तो चालक कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टिप्पर को कब्जे में लेकर रामगढ़ चौकी में खड़ा करवाया। इसके पश्चात माइनिंग विभाग को आगामी कार्रवाई हेतु सूचित कर दिया गया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने स्पष्ट किया कि पंचकूला पुलिस की विभिन्न टीमें फील्ड में पूरी तरह सक्रिय हैं और संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। खनन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य में भी इसी प्रकार की छापेमारी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि जिले में अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।



# कनाडा भेजने के नाम पर 20.85 लाख के इमिग्रेशन फ्रॉड में आरोपी गिरफ्तार, आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर

पंचकूला/यूटर्न/09 अप्रैल। कनाडा भेजने के नाम पर पंचकूला के युवक से लाखों रुपये ऐंठने के मामले में पंचकूला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना रायपुररानी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 8 अप्रैल को आरोपी लालित्य हांडा को गिरफ्तार कर आज अदालत में पेश किया, जहां उससे पूछताछ, ठगी की रकम की बरामदगी और फरार सह-आरोपी तक पहुंचने के लिए 4 दिन का रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पंचकूला वासी व्यक्ति ने वर्ष 2023 में कनाडा वर्क वीजा पर जाने के लिए अमरावती एन्क्लेव स्थित कंसल्टेंसी से संपर्क किया था। इस कंसल्टेंसी को आरोपी लालित्य हांडा और उसका साथी मिलकर संचालित कर रहे थे। दोनों आरोपियों ने पीड़ित को 6 महीने के भीतर कनाडा भेजने का झांसा देकर कुल 31.70 लाख रुपये में डील तय की। इसके बाद आरोपियों ने सर्विस एंड पेमेंट एग्रीमेंट किया और किस्तों में रकम वसूलनी शुरू कर दी। शिकायत के आधार पर 20 अगस्त 2025 को भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 व इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया। जांच में यह साबित हुआ कि पीड़ित से कुल 20 लाख 85 हजार रुपये लिए गए। इसके बावजूद आरोपियों ने न तो पीड़ित को कनाडा भेजा और न ही उसकी रकम वापस की। मामले की जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी लगातार पीड़ित को गुमराह करता रहा। जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने उसे धमकाया व बाद में आरोपियों ने मोबाइल फोन बंद कर लिए और दफ्तर भी बंद कर फरार हो गए। पुलिस जांच में आरोपी लालित्य हांडा ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर पीड़ित से रकम ली थी। पंचकूला पुलिस अब आरोपी के खुलासे के आधार पर राजस्थान में रकम की बरामदगी, सह-आरोपी की गिरफ्तारी और पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।



# नवकार महामंत्र: जीवन में शांति और सद्भाव का आधार - जवाहर लाल ओसवाल





लुधियाना/यूटर्न/09 अप्रैल। मोहन दई ओसवाल अस्पताल में विश्व नवकार महामंत्र दिवस बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सी.एम.डी. जवाहर लाल ओसवाल ने कहा कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र मंत्र है, जो अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुओं को नमन करता है। यह मंत्र आत्मबोध, ज्ञान और मोक्ष की ओर ले जाने वाला मूल मंत्र माना जाता है तथा सभी जीवों के प्रति सम्मान, करुणा और अहिंसा की भावना जगाता है।

उन्होंने बताया कि इस मंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें किसी तीर्थंकर या देवी-देवता का नाम नहीं लिया गया, बल्कि यह 'अरिहंत' से लेकर 'साधु' तक पंच परमेष्ठियों और उनके गुणों को नमन करता है। यह हमें सिखाता है कि व्यक्ति से बड़ा उसका गुण और कर्म होता है। नवकार महामंत्र जीवन में स्थिरता और शांति प्रदान करता है। यह विनम्रता, सद्भाव और आंतरिक संतुलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मंत्र नहीं, बल्कि विश्वास का केंद्र और जीवन का मूल स्वर है।

जैन शास्त्रों के अनुसार यह मंत्र अनादि और सार्वभौमिक है, जो पूरी मानवता के लिए है। इसके नियमित जाप से मन की शुद्धि होती है और क्रोध, मान, माया व लोभ जैसे विकार समाप्त होते हैं, जिससे शांति, अहिंसा और आध्यात्मिक उन्नति को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर अस्पताल मैनेजमेंट के अन्य सदस्य, डॉक्टर, स्टाफ एवं शहर की प्रमुख शख्सियतें भी मौजूद थीं।

# पंजाब को पेट्रोकेमिकल हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम, मंत्री संजीव अरोड़ा ने HMEL रिफाइनरी का दौरा किया



बठिंडा/यूटर्न/09 अप्रैल। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री Sanjeev Arora ने आज HPCL-Mittal Energy Limited की गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी का दौरा कर इसकी विश्वस्तरीय सुविधाओं, सुरक्षा मानकों और नवाचार की सराहना की। उनके आगमन पर कंपनी के एमडी एवं सीईओ Prabh Das सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

दौरे के दौरान मंत्री ने रिफाइनरी की प्रमुख इकाइयों का निरीक्षण किया और अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि पंजाब की नई औद्योगिक नीति 2026 राज्य को निवेश के लिए प्रमुख केंद्र बनाएगी। उन्होंने बताया कि HMEL द्वारा पंजाब में अब तक करीब 60,000 करोड़ का निवेश किया जा चुका है, जबकि फाइन केमिकल्स क्षेत्र में 2,600 करोड़ का नया निवेश राज्य की औद्योगिक स्थिति को और मजबूत करेगा।

मंत्री अरोड़ा ने एशिया के सबसे बड़े ऑटोमेटिक प्रोडक्ट स्टोरेज वेयरहाउस और K-9X रोबोटिक डॉग जैसी आधुनिक तकनीकों को देखकर विशेष प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि यह रिफाइनरी राज्य में पेट्रोकेमिकल उद्योग के विकास की मजबूत नींव है।

उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब जल्द ही देश का प्रमुख पेट्रोकेमिकल हब बनेगा और सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

# जीएचजी अकादमी में बाबा जुझार सिंह जी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/9/अप्रैल। सिख इतिहास की समृद्ध विरासत से छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से, जी.एच.जी अकादमी, जगरांव में बाबा जुझार सिंह के जीवन और बलिदानों पर आधारित एक सार्थक और शैक्षिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में तीसरी से पाँचवीं कक्षा के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के पूजनीय साहिबजादों में से एक, बाबा जुझार सिंह जी की बहादुरी, मूल्यों और सर्वोच्च बलिदान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य छात्रों के सिख इतिहास के ज्ञान को बढ़ाना और उनमें साहस, आस्था तथा निस्वार्थता जैसे नैतिक मूल्यों को विकसित करना था।

यह आयोजन छात्रों की आलोचनात्मक सोच (critical thinking) और उनकी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य किया। इस प्रतियोगिता में 'जुझार हाउस' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 'अजीत' और 'जोरावर हाउस' ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, और 'फतेह हाउस' ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधन सरदार गुरमेल सिंह मल्ही और प्रिंसिपल रमनजोत कौर ग्रेवाल ने इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए छात्रों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल जिम्मेदार और मूल्यों से परिपूर्ण व्यक्तियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

## दुनिया लड़ने में मस्त भारत बिजली बनाने में व्यस्त !

जब पूरी दुनिया युद्ध और संघर्ष की तैयारियों में व्यस्त थी, उस समय भारत ने एक अलग और दूरदर्शी मार्ग चुना। भारत ने अपने नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया। विशेष रूप से, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि देश की बढ़ती बिजली की जरूरतों को पूरा किया जा सके। भारत का यह निर्णय न केवल प्रगतिशील था, बल्कि मानवता के हित में भी था। परमाणु ऊर्जा एक स्वच्छ और दीर्घकालिक ऊर्जा स्रोत है, जो प्रदूषण को कम करने में सहायक है। जब अन्य देश हथियारों की दौड़ में लगे हुए थे, तब भारत ने विज्ञान और तकनीक का उपयोग विकास के लिए किया। इस दिशा में किए गए प्रयासों ने देश को ऊर्जा के क्षेत्र में मजबूती प्रदान की और लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया। इस सोच ने यह साबित किया कि सच्ची ताकत युद्ध में नहीं, बल्कि विकास और शांति में होती है। भारत ने दुनिया को यह संदेश दिया कि यदि संसाधनों का सही उपयोग किया जाए, तो किसी भी देश का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Police Verification और Background Check — process समझिए**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल नौकरी, किरायेदारी (tenant verification) और पासपोर्ट जैसे मामलों में Police Verification एक सामान्य प्रक्रिया बन गई है। इस प्रक्रिया में पुलिस यह जांच करती है कि व्यक्ति का कोई आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है और उसकी पहचान सही है या नहीं। यह verification संबंधित थाने द्वारा किया जाता है।

उदाहरण के तौर पर, जब कोई व्यक्ति किरायेदार रखता है, तो पुलिस verification करवाना जरूरी होता है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सके।

यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ पहले से कोई मामला दर्ज है या उसने गलत जानकारी दी है, तो verification रिपोर्ट ल्लnegative आ सकती है, जिससे नौकरी या अन्य प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

कई बार लोग verification form में गलत या अधूरी जानकारी दे देते हैं, जो बाद में परेशानी का कारण बनती है।

निष्कर्ष: Police Verificationकेवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि सुरक्षा और विश्वास से जुड़ी प्रक्रिया है। इसमें सही और पूर्ण जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है।

# बैंक मैनेजर का बड़ा खेल बेनकाब, सरकारी योजनाओं के नाम पर 3.90 करोड़ की ठगी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/9/अप्रैल। लुधियाना देहाती क्षेत्र में बैंकिंग सिस्टम को झकझोर देने वाला एक बड़ा घोटाला सामने आया है। सरकारी योजनाओं के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का यह मामला न सिर्फ वित्तीय अनियमितताओं की पोल खोलता है, बल्कि आम लोगों के भरोसे पर भी सीधा वार करता है। एक बैंक मैनेजर द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर सुनियोजित तरीके से फर्जीवाड़ा करने के आरोप सामने आए हैं। यह मामला थाना दाखां से जुड़ा है। जांच अधिकारी एएसआई इंदरजीत सिंह के संबंध में दर्ज जानकारी लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा साझा की गई दैनिक क्राइम रिपोर्ट के आधार पर प्राप्त हुई है। शिकायतकर्ता ओमा कांता समल, सीनियर रीजनल मैनेजर, इंडियन ओवरसीज बैंक, सिविल लाइंस लुधियाना के अनुसार जांच में सामने आया कि पंकज पुत्र गुलशन, निवासी पटेल नगर, जींद (हरियाणा), जो बैंक की बद्दोवाल शाखा में मैनेजर के पद पर तैनात रहा, ने अपने पद का खुला दुरुपयोग किया। आरोप है कि उसने अपने ही बैंक के कर्मचारियों अर्चना गुप्ता (सहायक मैनेजर) और करमजीत सिंह (क्लर्क) के लॉगिन आईडी का बिना उनकी जानकारी इस्तेमाल किया। इसके बाद बिना किसी वैध दस्तावेज के खेतीबाड़ी और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर 22 फर्जी लोन तैयार किए। इन फर्जी लोन के जरिए करीब 3 करोड़ 90 लाख रुपये की रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर हड़प ली गई। प्रारंभिक जांच के दौरान आरोपी पंकज ने अपने बयान में इस गड़बड़ी को स्वीकार करने की बात भी सामने आई है।

# शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 1.75 करोड़ के साइबर फ्रॉड में पंचकूला पुलिस ने गुजरात से किए 2 बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

## दोनों आरोपी 7 दिन के पुलिस रिमांड पर, इस मामले में 12 आरोपी पहले से गिरफ्तार

पंचकूला/यूटर्न/09 अप्रैल। साइबर अपराध के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही पंचकूला पुलिस को एक बड़े साइबर फ्रॉड मामले में अहम सफलता हाथ लगी है। शेयर मार्केट में निवेश पर दोगुना मुनाफा देने का लालच देकर 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना पंचकूला की टीम ने गुजरात के अहमदाबाद से 2 बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्ण प्रताप और बादल गुरनाम सिंह निवासी अहमदाबाद, गुजरात के रूप में



हुई है। दोनों आरोपियों को 8 अप्रैल को अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। यह मामला जुलाई 2024 में दर्ज किया गया था। पंचकूला वासी शिकायतकर्ता ने 31 जुलाई 2024 को साइबर थाना पंचकूला में शिकायत दर्ज करवाई थी।

शिकायत के अनुसार, 5 जुलाई 2024 को उसे फेसबुक पर शेयर मार्केट से जुड़ा एक आकर्षक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन को लाइक करने के बाद शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेजा गया, जिसके जरिए उसे शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों ने सुनियोजित तरीके से भरोसा जीतकर शिकायतकर्ता से अलग-अलग चरणों में बड़ी रकम निवेश करवाई और कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया।

# ओल्ड कालका रोड पर ड्रेनेज पाइपलाइन का काम तेज, जलभराव से मिलेगी राहत

जीरकपुर/यूटर्न/09 अप्रैल। शहर के ओल्ड कालका रोड क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद ने ड्रेनेज पाइपलाइन बिछाने का काम तेज कर दिया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य बरसात के दौरान सड़कों और कॉलोनियों में जमा होने वाले पानी की समस्या को स्थायी रूप से खत्म करना है।

जानकारी के अनुसार, हर साल बारिश के मौसम में ओल्ड कालका रोड पर जलभराव की स्थिति बन जाती थी, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सड़क पर पानी भरने से यातायात बाधित होता था और राहगीरों व वाहन चालकों के लिए खतरा बना रहता था। खासतौर पर आदर्श नगर कॉलोनी और आसपास के



रिहायशी इलाकों के लोगों को इस समस्या से सबसे ज्यादा जूझना पड़ता था।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक, कई बार हालात इतने खराब हो जाते थे कि घरों के बाहर तक पानी भर जाता था, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित होता था। स्कूली बच्चों, कामकाजी लोगों और बुजुर्गों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। यही वजह रही कि क्षेत्र में लंबे समय से पुख्ता ड्रेनेज सिस्टम की मांग उठ रही थी।

अब नगर परिषद द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू होने से लोगों में राहत की उम्मीद जगी है।

अधिकारियों का कहना है कि पाइपलाइन तैयार होने के बाद बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी और जलभराव की समस्या में काफी कमी आएगी। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। लक्ष्य रखा गया है कि आगामी बारिश के मौसम से पहले ही काम को पूरा कर लिया जाए, ताकि लोगों को तुरंत राहत मिल सके। इसके लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रशासन का आभार जताया है। लोगों का कहना है कि यदि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा हो जाता है, तो वर्षों पुरानी समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रशासन से भविष्य में भी ऐसे विकास कार्य जारी रखने की अपील की है, ताकि शहर की बुनियादी सुविधाओं में लगातार सुधार हो सके।

# वीआईपी रोड पर बस ड्राइवर पर जानलेवा हमला, मुख्य आरोपी गगन गिरफ्तार

जीरकपुर/यूटर्न/09 अप्रैल। वीआईपी रोड पर बस ड्राइवर हरविंदर सिंह (29) पर हुए जानलेवा हमले के मामले में जीरकपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी गगनदीप उर्फ गगन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसे वीरवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपी गगन ने कबूल किया है कि उसी ने तलवार (कृपाण) से हरविंदर सिंह पर हमला किया था। फिलहाल पुलिस इस वारदात में शामिल अन्य

**तलवार से किया था हमला, अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, हरविंदर सिंह की जनवरी 2026 में पंचकूला कोर्ट में लव मैरिज हुई थी। लेकिन 6 मार्च को उसकी पत्नी घर से सोने-चांदी के जेवर और आईफोन लेकर फरार हो गई। घर से जाते समय सीढ़ियों में एक पर्ची मिली, जिसमें लिखा था कि उसे उसका पुराना प्यार ह्वगगन सरह्व मिल गया है।

हरविंदर सिंह के मुताबिक, 24 मार्च 2026 की रात करीब 8:30 बजे वह वीआईपी रोड पर अपने दोस्त दीपक के साथ खड़ा था। तभी गगन अपने 2-3 अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे घेर लिया। इसके बाद आरोपी ने कृपाण से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

पीड़ित ने बताया कि पहले दो वार उसके सिर पर किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# टीबी से पीड़ित 100 मरीजों को राशन किट वितरित की



लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल की गई। एक्ट ह्यूमन एनजीओ के सहयोग से, सिविल सर्जन डॉ. रमणदीप कौर और जिला टीबी अधिकारी डॉ. आशीष चावला के दिशा-निदेर्शों में टीबी से पीड़ित 100 मरीजों को राशन किट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करना और उनके उपचार को अधिक प्रभावी बनाना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि टीबी मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य देश से टीबी रोग का पूर्ण उन्मूलन करना है। एक्ट ह्यूमन एनजीओ ने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि वे इन 100 मरीजों को लगातार छह महीने तक राशन किट उपलब्ध कराएंगे। इससे मरीजों को उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की आर्थिक या पोषण संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और वे अपने इलाज पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# पुराने दोस्तों ने नाश्ते की टेबल पर पुरानी यादें सांझा कर मजबूत की रिश्तों की डोर

## भारत भूषण आशू सहित एकित्रत हुए सैंकड़ो दोस्त



दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। बीस वर्ष पुराने दोस्तो ने वीरवार को नाश्ते के टेबल पर पुरानी यादों का सांझा कर रिश्तों की डोर को मजबूत किया। शिवपुरी चौंक स्थित डिंपल राणा के कार्यलय में आयोजित पुराने दोस्त मिलनी कार्यक्रम में पूर्व कैबिनट मंत्री भारत भूषण आशू विशेष तौर पर शामिल हुए। प्रात: 9 बजे से शुरू कार्यक्रम में दोस्तो ने पुरानी यादों का ताजा करते हुए एक साथ निभाए बेशकीमती पलों को सांझा किया। पुरानी यादों में दोस्त ऐसे खो गए कि समय का पता ही नहीं चला कि कब सुबह से दोपहर हो गई। भारत भूषण आशू ने डिंपल राणा के प्रयासों से वर्षो पुराने मित्रों के साथ हुई मुलाकात को जीवन का अदभुत अनुभव बताते हुए कहा कि आज ऐसा प्रतीत हुआ कि जैसे वर्षो पूर्व की जीवन लौट आया हो। डिंपल राणा ने सभी दोस्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यस्त जीवन में से कुछ फुरसत के पलों ने हमें बीस वर्ष पुराने रिश्तो की डोर के साथ फिर से बांधकर पुरानी यादों को ताजा कर दिया है। इस दौरान सभी दोस्तों ने व्हाटसएप व फेसबुक पर मिलने की बजाए फेस-टू-फेस मिलने के वायदे के साथ विदाई ली।

# पार्किंग शुल्क को लेकर कैब ड्राइवरों का विरोध, पार्षद को सौंपा ज्ञापन





चंडीगढ़/यूटर्न/09 अप्रैल। ट्राई सिटी कैब ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के पार्षद जसवीर सिंह लाडी से मुलाकात कर शहर में पिक एंड ड्रॉप के लिए लगाए जा रहे पार्किंग शुल्क के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रधान वरदीप सिंह ने बताया कि वर्तमान में टैक्सी चालकों से पार्किंग के लिए ₹28 शुल्क लिया जा रहा है, जबकि निजी वाहनों के लिए यह शुल्क ₹14 निर्धारित है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में पार्किंग मुफ्त करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। ड्राइवरों ने मांग की कि या तो पार्किंग पूरी तरह मुफ्त की जाए या फिर टैक्सी चालकों से भी निजी वाहनों के बराबर ₹14 ही शुल्क लिया जाए। उन्होंने कहा कि टैक्सी चालक भी आम नागरिक हैं और उन्हें अस्पताल, बाजार सहित अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है, ऐसे में उनसे दोगुना शुल्क लेना अनुचित है। यूनियन के चेयरमैन विक्रम सिंह पुंडीर ने कहा कि सड़क किनारे पिक एंड ड्रॉप करने से ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही चालान का डर भी बना रहता है। उन्होंने पार्षद से अपील की कि इस मुद्दे को नगर निगम की आगामी हाउस मीटिंग में उठाया जाए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि ड्राइवर पार्किंग में जाकर पिक एंड ड्रॉप करता है, तो अतिरिक्त आर्थिक बोझ की भरपाई कौन करेगा। साथ ही बीमार और विदेशी नागरिकों को सड़क पर बुलाने की मजबूरी पर भी चिंता जताई। इस मौके पर यूनियन के पदाधिकारी रजत गुप्ता, गुरप्रीत बराड़, ललित मनचंदा, गुरदीप सिंह, निशा शर्मा सहित सैकड़ों ड्राइवर मौजूद रहे। पार्षद जसवीर सिंह लाडी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को हाउस मीटिंग में उठाएंगे।

# खालसा कॉलेज में 63वां पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की निरंतर गाथा को सम्मानित करने के प्रयास में, खालसा कॉलेज फॉर विमेन, सिविल लाइंस लुधियाना का 63वां पुरस्कार वितरण समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। उत्तराखंड उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रितु बाहरी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। कॉलेज प्रबंधन समिति की सदस्य कुशल ढिल्लों (खालसा कॉलेज फॉर वुमेन की प्रबंधक), निदेशक डॉ. मुक्ति गिल और प्राचार्या डॉ. कमलजीत ग्रेवाल ने अतिथि के आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत किया। शैक्षणिक वर्ष के दौरान संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों को उजागर करते हुए, मल्टीमीडिया के माध्यम से वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। छात्रों की निरंतर कड़ी मेहनत का वर्ष 2024-25 में शानदार परिणाम मिला, जिसमें छात्रों ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में शीर्ष दस में 93 विभिन्न स्थान हासिल किए; इनमें क्रमशः 9 प्रथम, 6 द्वितीय और 12 तृतीय स्थान शामिल थे। शारीरिक शिक्षा विभाग ने 36 स्वर्ण पदक, 38 रजत पदक और 43 कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। लुधियाना के एससीडी सरकारी कॉलेज में आयोजित पीयू जोनल युवा महोत्सव में कॉलेज ने प्रथम उपविजेता की ट्रॉफी हासिल की। छात्रों ने कुल मिलाकर 37 पुरस्कार जीते, जिनमें 15 प्रथम, 09 द्वितीय और 13 तृतीय पुरस्कार शामिल थे।

# जागरण केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का एक माध्यम - एडवोकेट बहल



लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ व माता वैष्णों देवी चैरिटेबल अस्पताल की ओर से 39वां विशाल भगवती जागरण इस वर्ष 18 अप्रैल, शनिवार को एस.ए.एन. जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरेसी ग्राउंड के नजदीक बड़े श्रद्धा और धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। जागरण की तैयारियों को लेकर क्लब के सदस्यों द्वारा दरेसी में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक क्लब के प्रधान युवारत्न राजेश जैन बॉबी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जागरण को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सदस्यों को सौंपी और आयोजन से जुड़े अहम पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान राजेश जैन बॉबी ने बताया कि जागरण में माता का भव्य दरबार सजाया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। भजन गायक कन्हैया मित्तल और कुमार संजीव माता का गुणगान करेंगें। मां ज्वाला जी से पवित्र जोत लाई जाएगी। एडवोकेट संदीप बहल ने कहा कि यह जागरण केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का एक माध्यम है। इस अवसर पर कपिल जैन, मदन मोहन सोनी, वरिष्ठ एडवोकेट संदीप बहल, हरविंद्र सिंह हैप्पी, सचिन जैन, राकेश टंडन,राजीव जैन, अंकित जैन, गौरव जैन (सीए), धीरज जैन डब्बू, अमन जैन, वरुण, लवली भंडारी, सार्थक जैन, यश जैन, शुभम जैन, केवल सोनी, अतुल जैन, गगन जैन, अक्षत जैन, सन्नी जैन, संचित जैन, अंकुर शर्मा, रिदम मोंगा, सोनू रहेलिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायक बग्गा ने गांधी नगर में सड़क निर्माण कार्यों का किया उद्घाटन, 58 लाख आएगी लागत



लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। क्षेत्र के निवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र लुधियाना उत्तर के विधायक मदन लाल बग्गा द्वारा वार्ड नंबर 88 के अंतर्गत गांधी नगर में नई सड़क के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया। विधायक बग्गा ने बताया कि इस परियोजना के तहत लगभग 58 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के लोगों से वादा किया था कि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। निवासियों की मांग के अनुसार बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतर स्कूल, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आम आदमी क्लीनिक, तथा क्षेत्र को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए नए पार्क और पुराने पार्कों के नवीनीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। विधायक बग्गा ने बताया कि सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब थी, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा इस क्षेत्र की अनदेखी की गई, लेकिन अब सड़क निर्माण के बाद यातायात सुचारू रूप से चलेगा। उन्होंने लुधियाना उत्तर क्षेत्र को विकास के मामले में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर करवाया जाएगा। इस अवसर पर काउंसलर अमन बग्गा, काउंसलर नीरज आहूजा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे।

# नशा फेंक कर भागने वाला तस्कर गिरफ्तार, 6 ग्राम हेरोइन समेत युवक काबू

-चरणजीत सिंह चन्ना-

**चौकीमान-गुड़े रोड पर पुलिस की छापेमारी**

जगरांव/यूटर्न/9/अप्रैल। पुलिस थाना सदर जगरांव ने चौकीमान से गांव गुड़े जाने वाले रास्ते पर एक नशा तस्कर को 6 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस को देखते ही नशा फेंक कर भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिस पार्टी ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।

लुधियाना ग्रामीण पुलिस द्वारा साझा की गई दैनिक क्राइम रिपोर्ट के अनुसार, एएसआई (अरक) मनजीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। जब वे चौकीमान से गांव गुड़े की ओर जा रहे थे, तो सामने से एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया।

पुलिस पार्टी को देखते ही वह युवक हड़बड़ाहट में पीछे की ओर मुड़ गया और अपने हाथ में पकड़ी एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली (लिफाफी) जमीन पर फेंक दी। संदेह होने पर एएसआई मनजीत सिंह ने साथी कर्मचारियों की मदद से उस युवक को तुरंत काबू कर लिया।

पकड़े गए युवक की पहचान अवतार सिंह उर्फ गोलू पुत्र बलजीत सिंह, निवासी बरसाल, थाना सदर जगराओं, जिला लुधियाना के रूप में हुई है।

बरामदगी:

एएसआई मनजीत सिंह ने जब अवतार सिंह उर्फ गोलू द्वारा जमीन पर फेंकी गई पारदर्शी थैली की जांच की, तो उसमें से हेरोइन बरामद हुई। कंप्यूटर कांटे (वेइंग मशीन) पर वजन करने पर बरामद हेरोइन का वजन थैली समेत 6 ग्राम पाया गया।

पुलिस ने अवतार सिंह उर्फ गोलू को नशीले पदार्थ समेत गिरफ्तार कर लिया है और इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भव्य आयोजन में झलकी आस्था, तिरुपति बालाजी के रंग में रंगे भक्त


मंत्री संजीव अरोड़ा का का स्वागत करते आनंद जैन और उदय जैन


प्रसिद्ध भजन गायक हीत शरण करण कृष्ण का राजीव सिंगला, आनंद जैन, सुभाष बंसल, संजय गुप्ता ने किया स्वागत


मंत्री संजीव अरोड़ा संस्था के सदस्यों राजीव सिंगला, आनंद जैन, संजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, सुनीत बंसल, तवी बच्चन, अमित गोयल के साथ


प्रसिद्ध भजन गायक हीत शरण करण कृष्ण का राजीव सिंगला, आनंद जैन, सुभाष बंसल, संजय गुप्ता ने किया स्वागत


स्वामी दर्शन दास जी भूरेवाले रामपुर धाम स्वामी जी का स्वागत करते राजीव सिंगला, रवि गुप्ता, दीपक गुप्ता, सुभाष बंसल, विनीत बंसल, उदय जैन व अन्य


किंग एक्सपोर्ट्स के मदन गोयल, सुदर्शन जैन (भोला), प्राची फूड्स के अमित गोयल का स्वागत करते हुए राजीव सिंगला, आनंद जैन, दीपक गुप्ता, विनीत बंसल व अन्य

लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। श्री तिरुपति बालाजी की भक्ति में रंगा एक भव्य धार्मिक आयोजन शहर में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री तिरुपति बालाजी सेवा परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण में भजन-कीर्तन और झांकी प्रस्तुत की गई, जिससे पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया।

## जीरकपुर में बदहाल सड़कें: बारिश में गड्ढे बने तालाब, लोगों का निकलना मुश्किल

### बलटाना से पीरमुछल्ला तक हालात खराब, शिकायतों के बावजूद नगर परिषद बेपरवाह

जीरकपुर/यूटर्न/09 अप्रैल। जीरकपुर नगर परिषद, जिसे प्रदेश की सबसे अमीर परिषदों में गिना जाता है, शहर की बुनियादी सुविधाओं को संभालने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। बलटाना, पीरमुछल्ला, ढकोली, नाभा पिंड से लेकर वीआईपी रोड तक शहर की अधिकांश सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आम लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है।

सड़कों पर बने गहरे गड्ढे हल्की बारिश में ही पानी से लबालब भर जाते हैं और कई जगहों पर सड़क का स्तर सही न होने के कारण पानी कई दिनों तक जमा रहता है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में लोगों के घरों के बाहर तक पानी भर गया है और वे घर से निकलने में असमर्थ हैं। पैदल चलना लगभग नामुमकिन हो गया है, जबकि दोपहिया वाहन चालक भी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

नगर परिषद के कर्मचारियों की लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर



निरीक्षण करने के बजाय फोन पर ही फोटो और लोकेशन मंगाकर औपचारिकता निभा रहे हैं। शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

**स्थान-1: बलटाना, हरमिलाप नगर फेज-1**

गुरुद्वारे वाली गली में नगर परिषद द्वारा खुदाई के बाद सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया है। गहरे गड्ढों के कारण हल्की बारिश में ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है और पानी घरों तक पहुंच जाता है। स्थानीय निवासी बालकिशन ने बताया कि घर के बाहर पानी भरने से एक परिवार की बच्ची, जो 'नॉन हीलिंग ट्रॉपिकल अल्सर' से पीड़ित है, को घर से बाहर निकलने में भारी परेशानी हो रही है। परिजनों की मदद से ही वह नौकरी पर जा पाती है। निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र के जेई अमनदीप शर्मा को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन वे मौके पर आने के बजाय फोन पर ही जानकारी लेकर कर्मचारियों को भेजने का आश्वासन देते रहते हैं।

**स्थान-2: पीरमुछल्ला, मिड टाउन से आस्था सोसाइटी रोड**

करीब 100 मीटर लंबी यह सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। रोजाना हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन बारिश के बाद हालात और बदतर हो जाते हैं। गड्ढों में पानी भरने से पैदल चलना असंभव हो गया है और दोपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

स्थानीय निवासी गुरसेवक सिंह पुनिया के अनुसार, 'नगर परिषद ने सड़क निर्माण का काम शुरू किया था और ड्रेन सिस्टम भी डाल दिया गया, लेकिन पिछले एक महीने से काम बंद पड़ा है। कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।'

## 9 से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा, जागरूकता के लिए अलग-अलग गतिविधियां शुरू



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/09 अप्रैल। आज से बड़े जोश के साथ पोषण पखवाड़ा (9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026) शुरू किया गया। यह कैंपेन महिलाओं और बच्चों में न्यूट्रिशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है, जिसके जरिए हेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला प्रोग्राम ऑफिसर पंकज कुमार की लीडरशिप में जिले के सभी आंगनवाड़ी सेंटरों में अलग-अलग एक्टिविटीज आयोजित की जाएंगी। इस दौरान प्रेग्नेंट महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं और छोटे बच्चों की हेल्थ और न्यूट्रिशन पर खास फोकस किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के मौके पर लोगों में हेल्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बड़े कैंपेन चलाए जाएंगे। इन कैंपेन के दौरान बैलेंस्ड डाइट के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि सभी वर्ग के लोग हेल्दी लाइफ अपनाने के लिए मोटिवेट हो सकें। साफ-सफाई के महत्व पर भी खास जोर दिया जाएगा, जिससे बीमारियों से बचा जा सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि इसके अलावा एनीमिया की रोकथाम के लिए खास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लोगों को पौष्टिक भोजन और स्वस्थ आदतों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## बिजली विभाग के जेई ने कर डाला घोटाला, विभाग से ही 2.7 करोड़ का हेरफेर, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/9 अप्रैल। लुधियाना में पावरकॉम विभाग के जेई ने ही विभाग के साथ दो करोड़ का घोटाला कर डाला। उसने स्टोर से धड़ल्ले के साथ सामान निकाला और उसे पर्सनल इस्तेमाल कर लिया। लेकिन जब उससे हिसाब मांगा तो वह सामान कहा इस्तेमाल किया, उसका हिसाब नहीं दे पाया। जिसके बाद विभाग ने इसकी पुलिस को शिकायत दी। थाना डेहलों की पुलिस ने सहायक कार्यकारी इंजीनियर कमलजीत सिंह की शिकायत पर जेई तनुज सरींह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी जेई तनुज सरींह कार्यालय में तैनात था। जांच के दौरान यह पाया गया कि साल 2021-22 से लेकर 2024-25 के बीच आरोपी ने स्टोर से भारी मात्रा में सामान निकलवाया था। जब इस सामान का रिकॉर्ड खंगाला गया, तो पता चला कि दो करोड़ सात लाख रुपये से अधिक की राशि का सामान कम पाया गया। सहायक कार्यकारी इंजीनियर कमलजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उक्त कर्मचारी लंबे समय से इस कमी को क्लियर नहीं कर पा रहा था। सरकारी रिकॉर्ड में इतनी बड़ी रकम का अंतर पाए जाने के बाद विभाग ने सख्त रुख अपनाया और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की।

# कैबिनेट मंत्री अरोड़ा का मंडी गोबिंदगढ़ में दौरा, HF Super प्लांट के चेयरमैन से खास मुलाकात





मंडी गोबिंदगढ़/यूटर्न/09 अप्रैल। पंजाब में इज ऑफ डूइंग बिजनेस के वातवरण के तहत कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने मंडी स्थित चाणक्य डेरी प्रोडक्ट्स ली ( एचएफ सुपर ) के हाई जैनिक एवं मॉडर्न प्लांट का दौरा किया। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन विनोद कुमार दत्त के साथ उद्योग के विकास और संभावनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई जिसमें डेयरी उद्योग के विस्तार, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन जैसे अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। दौरे के दौरान प्लांट में अपनाई जा रही अत्याधुनिक उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और सप्लाई चेन मैनेजमेंट की सराहना की गई। चर्चा में यह भी सामने आया कि पंजाब में डेयरी सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें सही नीति, निवेश और इनोवेशन के माध्यम से और अधिक विकसित किया जा सकता है। इस दौरान मंत्री ने कम्पनी द्वारा बताई गई समस्याओं के निवारण हेतु सम्बंधित विभागों को जरुरी निर्देश दिए।

मंत्री अरोड़ा बोले की प्रदेश सरकार इंडस्ट्री के उज्जवल भविष्य के लिए हर पल प्रयासरत है श्री दत्त ने बताया कि कंपनी भविष्य में उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नए उत्पाद लॉन्च करने और युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि स्थानीय किसानों के साथ साझेदारी को मजबूत कर डेयरी उद्योग को और सशक्त बनाया जा सकता है। यह दौरा क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति देने और निवेश को आकर्षित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में आर्थिक गतिविधियों को और बल मिलने की उम्मीद है।

# पंजाब निवेशकों की पहली पसंद बना, MSME सेक्टर को नई गति






बठिंडा/यूटर्न/09 अप्रैल। पंजाब सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियों के चलते राज्य निवेशकों के लिए तेजी से आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री Sanjeev Arora ने MSME जिला स्तरीय बैठक के दौरान कहा कि राज्य में निवेश का माहौल पहले से अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि टरटए सेक्टर औद्योगिक विकास की रीढ़ है, जो रोजगार और GDP में लगभग 30% योगदान देता है। वर्ष 2025-26 में पंजाब में 60,256 करोड़ का रिकॉर्ड निवेश हुआ, जबकि 2026-27 में 75,000 करोड़ से अधिक निवेश का लक्ष्य रखा गया है। नई औद्योगिक नीति 2026 के तहत पर्यावरण-अनुकूल उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। पराली आधारित प्लांट, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रोजेक्ट्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने वाले उद्योगों को भारी सब्सिडी प्रदान की जाएगी। बैठक में उद्योगपतियों की समस्याओं को सुनते हुए कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया गया। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि PSIEC के माध्यम से औद्योगिक मंजूरियां जल्द ही ऑनलाइन उपलब्ध होंगी, जिससे प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। इसके अलावा, मई के अंत तक 1300 करोड़ की लागत से 2120 किलोमीटर शहरी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा, जिससे बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

# डेराबस्सी में 4.20 करोड़ के विकास कार्यों की शुरूआत

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा बोले–गांव से शहर तक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर फोकस



डेराबस्सी/यूटर्न/09 अप्रैल। हल्का डेराबस्सी में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने करीब 4 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांवों और शहरों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लोगों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने बताया कि विभिन्न वार्डों और गांवों में गलियों-नालियों, पार्कों, कम्युनिटी सेंटरों और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इन कार्यों से लोगों को राहत मिलने के साथ उनकी जीवनशैली में भी सुधार आएगा।

शुरूआत किए गए कार्यों में वार्ड नंबर-6 ग्रीन एस्टेट में 45 लाख रुपये तथा वार्ड नंबर-5 सिमरन सिटी में 35 लाख रुपये की लागत से गलियों की मरम्मत और सीवरेज पाइपलाइन बिछाने का कार्य शामिल है। इससे जहां आवागमन सुगम होगा, वहीं बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी।

इसी तरह वार्ड नंबर-8 बरवाला रोड स्थित कोहली ट्रैक्टर (स्वराज कंपनी) क्षेत्र में 37 लाख रुपये की लागत से सीवरेज पाइपलाइन और गलियों के निर्माण तथा सी-ब्लॉक सैदपुरा में 49 लाख रुपये की लागत से गलियों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।

इसके अलावा वार्ड नंबर-9 माही एन्क्लेव, माहीवाला में 49 लाख रुपये से गलियों-नालियों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। वहीं कॉलेज रोड पर 20 लाख रुपये की लागत से पार्क का निर्माण, वार्ड नंबर- 17 इसापुर रोणी में 48.50 लाख रुपये से एससी धर्मशाला का निर्माण और वार्ड नंबर-16 गांव धनौनी में 42 लाख रुपये से गली निर्माण कार्य शुरू किया गया है। धनौनी रोड स्थित लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के पास 25 लाख रुपये से गलियों के निर्माण तथा वार्ड नंबर-4 बावा कॉलोनी, मुबारिकपुर में 50 लाख रुपये से गलियों के निर्माण और 15 लाख रुपये से मेहरा धर्मशाला के नवीनीकरण का कार्य भी शुरू किया गया है। विधायक रंधावा ने कहा कि पूरे डेराबस्सी क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य लोगों को बेहतर सड़कें, स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है और आने वाले समय में भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# चंडीगढ़ पुलिस मुख्यालय में गली क्रिकेट टूनार्मेंट की जर्सी लॉन्च, 'बल्ला घुमाओ, नशा भगाओ' का संदेश

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 अप्रैल। यूटी पुलिस मुख्यालय, सेक्टर-9 में गुरुवार को एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह के दौरान ह्यऑलेंजर्स गली क्रिकेट टूनार्मेंटह्व के चौथे संस्करण की आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस और क्रिकेट प्रशासन से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी, टूनार्मेंट आयोजक, यूटी प्रशासन, नगर निगम के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में युवा क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद रहे।



जर्सी का अनावरण सागर प्रीत हुड्डा, डीजीपी, चंडीगढ़ पुलिस और संजय टंडन, चेयरमैन, गली क्रिकेट टूनार्मेंट एवं गवर्निंग काउंसिल सदस्य (डब्ल्यूपीएल, बीसीसीआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखने और खेल के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। नई जर्सी का डिजाइन आकर्षक, आधुनिक और ऊर्जा से भरपूर है। इसमें 'बल्ला घुमाओ, नशा भगाओ' जैसी प्रेरणादायक टैगलाइन शामिल की गई है, जो इस टूनार्मेंट को केवल खेल तक सीमित न रखकर एक सामाजिक अभियान का रूप देती है। आयोजकों का मानना है कि क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद 17 अप्रैल 2026 को सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में टूनार्मेंट का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) और चंडीगढ़ पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह गली क्रिकेट टूनार्मेंट अब शहर के प्रमुख खेल आयोजनों में अपनी खास पहचान बना चुका है। इस आयोजन को नगर निगम, सामाजिक कल्याण विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग और चंडीगढ़ प्रशासन का व्यापक सहयोग मिल रहा है।

# बठिंडा पुलिस ने वेश्यावृत्ति और ड्रग्स सप्लाई करने के आरोप में 08 लोगों को गिरफ्तार किया है





सोनू टुटेजा
बठिंडा/यूटर्न/09 अप्रैल। श्री गौरव यादव IPS माननीय DGP, पंजाब श्री हरजीत सिंह IPS DIG बठिंडा रेंज बठिंडा के दिशा-निर्देशों पर, बठिंडा पुलिस द्वारा ड्रग्स और बुरे तत्वों के खिलाफ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है, डॉ. ज्योति यादव बैंस IPS SSP बठिंडा, श्री जसमीत सिंह साहीवाल PPS कप्तान पुलिस जांच बठिंडा, श्री नरिंदर सिंह PPS कप्तान पुलिस सिटी बठिंडा, श्री अमृतपाल सिंह भाटी PPS के मार्गदर्शन में उप कप्तान सिटी-1 बठिंडा के नेतृत्व में CASO अभियान के दौरान, इंस्पेक्टर परविंदर सिंह, मुख्य अधिकारी, थाना कोटवली, बठिंडा को 8/04/2026 को एक गुप्त सूचना मिली कि होटल अलझर अमरीक सिंह रोड, बठिंडा में होटल के कमरों में वेश्यावृत्ति के अलावा, जिस पर इंस्पेक्टर परविंदर सिंह, चीफ ऑफिसर, थाना कोतवाल ने अपनी टीम के साथ तुरंत एक्शन लिया और होटल अलझर अमरीक सिंह रोड बठिंडा पर रेड की, जहाँ होटल में मौजूद 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया, साथ ही दो पीड़ित लड़कियों को भी बचाया गया और इन लोगों के खिलाफ सेक्शन 76 भिडी 8/4/2026 Bh/P 3,4,5 इम्मोरल ट्रैफिक (प्रिवेंशन) एक्ट 1956 और 223 BNS घाटा बैधली घाटिंडा के तहत केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी जांच के बाद उनसे पूछताछ की जा रही है। इस ड्रग सप्लाई के धंधे और ड्रग सप्लाई के तार पड़ोसी राज्य हरियाणा से जुड़े हैं। इंस्पेक्टर परविंदर सिंह की टीम को बड़ी कामयाबी तब मिली जब पड़ोसी राज्य हरियाणा के 03 और लोग जो उन्हें ड्रग्स सप्लाई कर रहे थे, उन्हें बस स्टैंड बठिंडा से गिरफ्तार किया गया।

# शेरे पंजाब ऐली अशोक पुरी को इंटरनैशनल वाईस प्रेजीडैंट-2 बनने पर स्वागत समागम आयोजित

दलजीत अज्नोहा
होशियारपुर/यूटर्न/09 अप्रैल। एलायन्स क्लब इंटरनैशनल डिस्ट्रिक-119 की ओर से पहली डिस्ट्रिक कैबिनेट मीटिंग तथा शेरे पंजाब ऐली अशोक पुरी को इंटरनैशनल वाईस प्रेजीडैंट-2 बनने पर स्वागत समागम की अध्यक्षता ऐली. अशवनी कुमार दत्ता जी की ओर से की गई। इस समागम के प्रोजैक्ट चेयरमैन ऐली.एडवोकेट एस.पी.राणा तथा को-चेयरमैन ऐली.विवेक साहनी थे।

इंटरनैशनल वाईस प्रेजीडैंट-2 ऐली अशोक पुरी का स्वागत करने के लिए इस समागम में एलायन्स क्लब इंटरनैशनल डिस्ट्रिक-119 के 2014 से किये गये विकास की समीक्षा की गई।



इस पर संतुष्टि प्रगट करते हुये ऐली.कमल के.वर्मा ने डिस्ट्रिक-119 होशियारपुर से तथा डिस्ट्रिक-111 बठिंडा से 18वीं इंटरनैशनल कन्वैंशन जोकि जयपुर में हुई, पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर पंजाब से पहले अंतर्राष्ट्रीय वाईस प्रेजीडैंट-2 ऐली. अशोक पुरी तथा पंजाब के समूह एलायन्स परिवार को मुबारकबाद दी। इस अवसर पर डॉ.एस.पी.जोशी, ऐली सुमेश कुमार, ऐली पुष्पिंदर शर्मा, ऐली नरेश चड्ढा, ऐली डॉ.एम.जमील बाली तथा मल्टीपल एडवाईजर ऐली रमेश कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कौर कमेटी के समूह पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नरज ने तीनों जोन के क्लबों की हाजरी तथा कारगुजारी को और भी सुचारू रूप से चलाने की प्रतीज्ञा ली। डिस्ट्रिक-119 में होशियारपुर, टांडा, मुकेरियां, फगवाड़ा, धर्मशाला, ऊना, भाखड़ा नंगल के क्लब एक्टिव हैं। जिनके लिए ऐली.पुष्पिन्दर शर्मा, ऐली एडवोकेट एस.पी.राणा तथा ऐली कमल के.वर्मा को सुपरविजन की ड्यूटी दी गई।

इस अवसर पर कौर कमेटी की ओर से चुने गये इंटरनैशनल वाईस प्रैजीडैंट ऐली. अशोक पुरी को हार पहना कर तथा तोहफे देकर सम्मानित किया गया जिसके लिए अशोक पुरी ने सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने 116 प्लॉट के अलॉटमेंट लेटर दिए

## सरकार आम लोगों की भलाई के लिए पूरी तरह से समर्पित है: संजीव अरोड़ा

सोनू टुटेजा
बठिंडा/यूटर्न/09 अप्रैल। आज स्थानीय बलवंत गार्गी ऑडिटोरियम में, नगर सुधार ट्रस्ट, बठिंडा के ऑफिस में, 116 अलॉटमेंट लेटर उन लोगों को दिए गए जिन्हें पिछले दिनों शहीद भगत सिंह एन्क्लेव, गोनियाना रोड, बठिंडा में निकाले गए अलग-अलग प्लॉट के ड्रॉ के तहत प्लॉट अलॉट हुए थे। कैबिनेट मंत्री उद्योग और वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, स्थानीय सरकार और बिजली, संजीव अरोड़ा ने यह कार्यक्रम



बहुत ही असरदार तरीके से आयोजित किया, जिसमें शहर के जाने-माने लोगों और अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में प्लॉट अलॉट हुए लोग शामिल हुए। समारोह का माहौल उत्साह और खुशी से भरा हुआ लग रहा था। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब सरकार आम लोगों की भलाई और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार कोशिशें कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीद भगत सिंह एन्क्लेव में रहने वाले लोगों को हर तरह की सुविधाएं देगी। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने भी अपने संबोधन में पारदर्शी और निष्पक्ष सिस्टम के महत्व पर जोर दिया और कहा कि इस एन्क्लेव में जो प्लॉट निकाले गए हैं, वे बिना किसी भेदभाव और बिना किसी सिफारिश के बहुत ही पारदर्शी तरीके से निकाले गए हैं।

# नया बेअदबी कानून पास करने से पहले उसका प्रारूप जनता के सुझावों के लिए सार्वजनिक करे सरकार - तीक्ष्ण सूद

दलजीत अज्नोहा
होशियारपुर/यूटर्न/09 अप्रैल। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा है कि पंजाब सरकार धार्मिक ग्रंथों को अवमानना जो कि अत्यंत संवेदनशील विषय पर नया कानून पास करने जा रही जिसके लिए पंजाब विधान सभा का विशेष सत्र भी बुलाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बेशक पंजाब सरकार बेअदबी मामलों पर कानून लाने का श्रेय लेना चाहती है। परन्तु पहले भी अकाली भाजपा सरकार के समय श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामले में



कानून बनाया जा चुका है। उस कानून पर आज तक किसी केस में दोषियों को सजा नहीं हो पाई। सरकार द्वारा अधिक सजा के प्रावधान वाला कानून लाने की बात की जा रही है। जिससे से पुलिस के हाथों अधिक शक्ति आने से उसके दुरुपयोग होने के भी खतरे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब में सेकड़ो मत ,मतांतर ,पवित्र ग्रंथ तथा पुस्तकें व डेरे आदि है। कानून पास करने से पहले उन सभी को इस कानून के प्रारूप के बारे पता होना चाहिए। ताकि कानून पर चर्चा होते समय सभी संबधित पक्षों की राय भी उसमे शामिल हो सके है। उन्होंने कहा कि अत्यंत विविधता वाले इस मामले में कोई भी जल्दबाजी दिखाना नुकसानदेह हो सकता है ,इसलिए बेअदबी वाले कानून के प्रारूप को सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए तथा सभी संबंधित पक्षों की राय जानने के बाद ही इस पर चर्चा करनी चाहिए।



# असम में लगभग 85% वोटिंग हुई, केरल में 75%, पुडुचेरी में 87%



चंडीगढ़/यूटर्न/09 अप्रैल। को शाम 5 बजे तक असम विधानसभा चुनावों में लगभग 84.42% वोटिंग दर्ज की गई। इन चुनावों में इखढ के नेतृत्व वाला NDA लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रहा है, जबकि कांग्रेस उस राज्य को वापस पाने की उम्मीद कर रही है जिसे उसने एक दशक पहले खो दिया था। यह राज्य में परिसीमन प्रक्रिया के बाद पहला विधानसभा चुनाव है; यह प्रक्रिया 2023 में हुई थी, जिसने राज्य के चुनावी नक्शे को फिर से बनाया था।

126 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू हुई। राज्य के 2.5 करोड़ वोटरों में से 75.91% ने दोपहर 3 बजे तक अपने वोट का इस्तेमाल कर लिया था, भले ही राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए हुए थे और बारिश हो रही थी। वोटिंग शाम 5 बजे तक जारी रहेगी।

अधिकारियों ने बताया कि कामरूप के चमारिया में दोपहर 3 बजे तक सबसे ज्यादा 84.43% वोटिंग दर्ज की गई, जबकि न्यू गुवाहाटी में सबसे कम 60.57% वोटिंग हुई।

मुख्यमंत्री हिमंत, जो जालुकबारी से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं, ने कामरूप (मेट्रो) ज़िले के गराल बुनियादी छढ स्कूल में अपनी पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा, बेटे और बेटी के साथ वोट डाला। अपनी माँ डॉली गोगोई के साथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने जोरहाट के DCB LP स्कूल में अपना वोट डाला।

अब तक वोट डालने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में नाज़िरा से विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया, जोरहाट से केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्घेरिटा, खोवांग से AJP अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई और शिवसागर से रायजोर दल के प्रमुख अखिल गोगोई शामिल हैं। चुनाव के इस चरण में केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर भी वोटिंग हुई। नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

असम में मुख्य मुकाबला BJP और कांग्रेस के बीच है। पूर्वोत्तर के इस राज्य में 2023 में हुए परिसीमन के बाद यह पहला चुनाव होगा।

यह एक विवादास्पद प्रक्रिया थी, जिसके चलते उन इलाकों में चुनावी क्षेत्रों की सीमाएं फिर से तय की गई, जहाँ मुस्लिम समुदाय के वोट निर्णायक भूमिका निभाते थे।

केरल में, यह चुनाव BJP, सत्ताधारी वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबले का रूप ले रहा है—और उम्मीद है कि BJP इस बार पहले के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करेगी। पुडुचेरी में, मुकाबला रंगास्वामी की NR कांग्रेस (जो BJP और AIADMK के साथ गठबंधन में है) और कांग्रेस-DMK गठबंधन के बीच है। अभिनेता विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (TVK) इस चुनाव के साथ चुनावी मैदान में अपना पहला कदम रखेगी।

# डीएवी पब्लिक स्कूल डेराबस्सी की प्रिंसिपल पर गुंडागर्दी के आरोप, गरीब बुजुर्ग की रोजी-रोटी उजड़ी



डेराबस्सी/यूटर्न/09 अप्रैल। डेराबस्सी के गांव त्रिवेदी कैंप में एक गरीब बुजुर्ग दंपत्ति के घर में पिछले तीन महीनों से सन्नाटा पसरा हुआ है। उनका गुजारा मुश्किल हो गया है, जब से डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सरीता यादव पर गुंडागर्दी के आरोप लगाते हुए उनका चाय का खोखा तुड़वाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित बुजुर्ग दंपत्ति के पास घटना का वीडियो भी मौजूद है, जिसमें स्कूल का स्टाफ और सुरक्षा गार्ड हाथों में औजार लेकर खोखा तोड़ते हुए और बाद में स्कूल के अंदर जाते दिखाई दे रहे हैं।

यह घटना 8 जनवरी की बताई जा रही है। बुजुर्ग महिला ने डेराबस्सी पुलिस को शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि तीन महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इससे लोगों का कानून व्यवस्था पर भरोसा उठता नजर आ रहा है।

करीब 60 वर्षीय पीड़िता दर्शनों रानी ने बताया कि वह स्कूल के पास चाय का खोखा लगाकर अपना गुजारा करती थीं। पास में टेंपो यूनियन के लोग चाय पीने आते थे, जिससे उनकी रोजी-रोटी चलती थी। उनका आरोप है कि स्कूल की प्रिंसिपल कई सालों से खोखा हटाने की धमकी दे रही थीं और 8 जनवरी को स्टाफ ने जबरन खोखा तोड़ दिया और सामान भी बर्बाद कर दिया।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि पहले उनके खोखे में चोरी भी हुई थी, जिसमें उन्हें स्कूल स्टाफ पर शक है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि एक महिला होकर दूसरी महिला की रोजी-रोटी छीनना बेहद दुखद है।

बुजुर्ग महिला के अनुसार, प्रिंसिपल उन्हें अक्सर यह कहकर धमकाती थीं कि उनके पति बड़े पद पर हैं और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। साथ ही स्टाफ भी दबाव बनाता था कि स्कूल में बड़े अधिकारी आते रहते हैं, इसलिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी।

पीड़िता ने पंजाब सरकार से न्याय की गुहार लगाई है।

बताया जा रहा है कि इसी प्रिंसिपल के खिलाफ पहले भी एक अन्य महिला ने बदसलूकी के आरोप लगाए थे। वह महिला डेराबस्सी में यूनिफॉर्म की दुकान चलाती है और स्कूल के बाहर प्रचार सामग्री बांट रही थी, जिस पर विवाद हुआ था।

यह भी सामने आया है कि प्रिंसिपल के खिलाफ पहले भी शिक्षा विभाग, एसडीएम डेराबस्सी और पुलिस के पास कई शिकायतें पहुंच चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं, एसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने कहा है कि मामले में जांच अधिकारी से रिपोर्ट मांगी जाएगी और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# आखिर पुलिस अत्याचार के पीड़ितों को इंसाफ कब?

## SHO के जरिए सीएम मान को भेजा मांग पत्र



-चरणजीत सिंह चन्न-

- जगराओं थाने के बाहर 4 साल से धरने पर बैठे पीड़ित, उच्च स्तरीय जांच और FIR के बावजूद आरोपी पुलिसकर्मी गिरफ्त से बाहर

जगरांव/यूटर्न/9/अप्रैल। स्थानीय थाने के सामने पुलिस ज्यादतियों के खिलाफ लंबे समय से धरने पर बैठे पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए विभिन्न संघर्षशील जत्थेबंदियों ने एकजुट होकर आवाज बुलंद की है। किसान-मजदूर संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी (SHO) इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री भगवंत मान के नाम एक विशेष मांग पत्र सौंपा।

### क्या है पूरा मामला?

विभिन्न संगठनों के नेताओं—साधू सिंह अचरवाल (कीर्ति किसान यूनियन), बलविंदर सिंह कोठे पोना, भरपूर सिंह छज्जावाल और गुरदेव सिंह मुल्लांपुर ने बताया कि

पीड़ित परिवार पिछले 4 साल से जगरांव थाने के बाहर इंसाफ की गुहार लगा रहा है।

तत्कालीन एसएचओ गुरिंदर सिंह बल, एएसआई राजवीर सिंह, सरपंच हरजीत सिंह और पंच ध्यान सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है।

आरोप है कि इन पुलिस अधिकारियों ने साजिश रचकर माता सुरिंदर कौर, मृतक कुलवंत कौर और मनप्रीत कौर को अवैध हिरासत में रखकर अमानवीय और यौन उत्पीड़न किया था।

कुलवंत कौर की मृत्यु के बाद दर्ज मुकदमे की तफ्तीश को 'झूठा' करार देते हुए नेताओं ने कहा कि प्रशासन दोषियों को बचा रहा है।

### इन संगठनों ने दिया समर्थन

मांग पत्र सौंपने वालों में
कीर्ति किसान यूनियन
देहाती मजदूर सभा
मजदूर संघर्ष कमेटी
सत्कार कमेटी
जबर विरोधी फ्रंट पंजाब
पेन्डू मजदूर यूनियन
दशमेश किसान मजदूर यूनियन

SHO का आश्वासन: ''ऊपर तक पहुँचाएंगे आपकी आवाज''
प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधिमंडल को शांत करते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने भरोसा दिया कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मांग पत्र को जिला कार्यालय के माध्यम से तुरंत मुख्यमंत्री पंजाब को भेज दिया जाएगा ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372